समाचार

# निर्माणाधीन आवासगृहों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं–आयुक्त

## (आयुक्त श्री राहुल देव ने किया निर्माण कार्यो का साईड विजिट, देखी कार्यप्रगति, जांची कार्यो की गुणवत्ता)




कोरबा 20 मई 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव ने निगम के अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि पी.एम. ए.वाई.योजनांतर्गत निर्मित हो रहे आवासगृहों के कार्यो में और अधिक तेजी लाएं, कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें तथा शीघ्र से शीघ्र कार्यो को पूरा कराएं ताकि शासन की मंशा के अनुरूप हितग्राहियों को इनका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने इमलीडुग्गू से बरबसपुर चौक तक मुख्य मार्ग का किए जा रहे मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य में भी और अधिक तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

पी.एम.ए.वाई.योजनांतर्गत दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, वर्तमान में यह कार्य प्रगति पर है। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने अधिकारियों के साथ उक्त निर्माण कार्य का साईड विजिट किया, उन्होने किए जा रहे कार्यो की कार्यप्रगति को देखा तथा कार्य के दौरान उपयोग की जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। आयुक्त श्री देव ने संबंधित निर्माण एजेंसी एवं निगम के अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन आवासगृहों के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाएं ताकि समय पर कार्य को पूरा किया जा सके एवं इसका लाभ हितग्राहियों को शीघ्र मिल सके। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप हों, उनका उचित अनुपात में प्रयोग हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कर लें।

**सड़क मरम्मत जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण** – आयुक्त श्री देव ने इमलीडुग्गू चौक से बरबसपुर चौक तक किए जा रहे मुख्य मार्ग के मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य का भी निरीक्षण किया, उक्त कार्य लगभग 30 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। आयुक्त श्री देव ने अभियंताओं व निर्माण कार्य एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं तथा बरसात प्रारंभ होने से पहले कार्य को पूरा करें ताकि आमलोगों को इसका लाभ मिल सके एवं बरसात के दौरान आवागमन में परेशानी न हों। उन्होने निर्माण कार्य में रोलिंग कार्य की अवधि बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री देव ने उक्त मुख्य मार्ग पर नाली का निर्माण कार्य तुरंत प्रारंभ करने को कहा ताकि बरसात के समय सड़क पर पानी का भराव न हों, पानी की निकासी सुगमता से हो एवं सड़क टिकाऊ व मजबूत रह सके। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत एवं निर्माण कार्य एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**पहुंचे व्यवसायिक काम्पलेक्स, फिजिकल डिस्टेंसिंग का लिया जायजा**– आयुक्त श्री राहुल देव ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा को साथ लेकर कोरबा शहर स्थित विभिन्न व्यवसायिक काम्पलेक्स का निरीक्षण किया तथा वहां पर व्यवसाय के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन एवं लोगों द्वारा मास्क पहने होने का जायजा लिया। आयुक्त श्री देव ने कोरबा स्थित दीनदयाल मार्केट, एस.एस.प्लाजा, अभिनंदन काम्पलेक्स सहित अन्य व्यवसायिक परिसरों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश लोगों द्वारा मास्क पहना गया था

तथा सोशल डिस्टेंसिंग अपनाई जा रही थी। कुछ स्थानों पर डिस्टेंसिंग के अपालन व लोगों द्वारा मास्क न पहने होने पर आयुक्त श्री देव ने उन्हें समझाईश दी कि वे संक्रमण से बचाव हेतु मास्क अनिवार्य रूप से पहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन आवश्यक रूप से करें।